Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69

# विज्ञान समिति, उदयपुर
# मासिक रिपोर्ट

अंक :173
अगस्त 2016
नियमित प्रकाशन का पन्द्रहवां वर्ष

## स्वैच्छिक सेवा का 57 वां वर्ष








- अगस्त 2016 में 29 कार्य दिवस। सदस्यों की दैनिक औसत उपस्थिति – 12
- उदयपुर का तापमान जुलाई माह में : अधिकतम $36.0^{0}$ सेल्सियस, न्यूनतम $23.0^{0}$ सेल्सियस रहा।
- जुलाई माह की मासिक रिपोर्ट, लोकविज्ञान तथा लहर प्रकाशित हुई तथा सभी सदस्यों एवं विशिष्टजनों को प्रेषित की। कुछ सदस्यों को विदेश में ई–मेल द्वारा भी भेजी गई।

### आर्थिक सहयोग(जुलाई माह)-

- **आजीवन सदस्यता**- श्री शान्तिलाल गोदावत 11,000/– रु.;
- **विशेष सहयोग** - श्रीमती ज्योति भटनागर 5000/–रु.
- **जस्टिस कांता भटनागर अवार्ड** - श्रीमती ज्योति भटनागर 5000/–रु.
- **छात्रवृत्ति** - श्री ख्यालीलाल बोहरा 20,000/–रु.
- **हेल्प टू नीडी** - डॉ. सुशीला जी अग्रवाल 4000/–रु.; कुमारी अदिती कविराज 1000/–रु.; गुमनाम हस्ते श्री जे.एन. कविराज 1000/–रु.

### विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रसारण

- **लोकविज्ञान :** अगस्त अंक के लेख– **पृथ्वी की वैज्ञानिक पृष्ठभूमित, नैनो प्रौद्योगिकी एवं उसका कृषि में महत्त्व, दांतों की सेहत के लिए आहार, जिन्दगी बदलने वाले रसायन, कैसे होती है कृत्रिम वर्षा।**

### विज्ञान समिति 58वां स्थापना समारोह

विज्ञान समिति का 58 वां स्थापना दिवस समारोह 28 अगस्त 2016, रविवार को प्रातः 11 बजे से समिति के **मैडम क्यूरी सभाकक्ष** में आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि जिंक उद्योग वेदान्ता ग्रुप के ग्लोबल प्रेसिडेंट **श्री अखिलेश जी जोशी** थे। समारोह की अध्यक्षता, राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन की अतिरिक्त निदेशक **श्रीमती विनीता बोहरा** ने की तथा वन विभाग के अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक **डॉ.एन.सी.जैन** ने विशिष्ट अतिथि के रुप में सम्बोधित किया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज देश के विकास में स्वैच्छिक संस्थाओं का अत्यधिक योगदान है और ये संस्थाएं ही विकास का सर्वोत्तम माध्यम है। विज्ञान समिति विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। कार्यक्रम अध्यक्ष **श्रीमती विनीता बोहरा** ने कहा कि मैं बचपन से ही विज्ञान समिति से अवगत हूँ। संस्था ने 57 वर्षों में स्वैच्छिक सेवा की भावना से समाज सेवा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। विशिष्ट अतिथि डॉ. जैन ने उदयपुर के सर्वांगीण विकास हेतु

















विज्ञान समिति, रोड नं. 17, अशोक नगर, उदयपुर-313001 फोन : 0294-2413117, 2411650
Website : www.vigyansamitiudaipur.org
E-mail Id : samitivigyan@gmail.com









**उदयपुर विज़न फेस्ट** की अवधारणा प्रस्तुत की।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में विज्ञान समिति के संस्थापक एवं अध्यक्ष **डॉ. के. एल. कोठारी** ने स्वागत करते हुए विज्ञान समिति के चरणबद्ध विकास, विज्ञान प्रचार प्रसार, लोक विज्ञान प्रकाशन, यूआईटी से भूखण्ड आवंटन एवं भौतिक विकास, महिला सशक्तीकरण क्षेत्र में ईडारा के अंतर्गत सघन कार्य, वन विकास ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास, मशरुम, वर्मी कम्पोस्ट राष्ट्रीय विज्ञान दिवस आदि प्रवृत्तियों की जानकारी दी। कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ. एल.एल. धाकड़** ने विज्ञान समिति के 16 विभिन्न प्रकोष्ठों द्वारा वर्ष भर में क्रियान्वित प्रगति का विवरण दिया।

**प्रतिभा एवं विशिष्ट जन सेवा सम्मानः** इस अवसर पर जस्टिस कान्ता भटनागर पुरुषार्थी पुरस्कार ग्राम सेलू की साथिन **प्रेमी डाँगी** को दिया गया जिसके अंतर्गत प्रशस्ति–पत्र,नकद राशि, सम्मान पदक, शॉल आदि से उन्हें सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार **श्रीमती ज्योति अविनाश भटनागर** के सौजन्य से दिया जाता है। कार्यक्रम के दौरान **श्रीमती प्राची भटनागर** ने इस पुरस्कार की पृष्ठभूमि का परिचय दिया। समारोह में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक परीक्षाओं में उदयपुर जिले में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली मेधावी छात्राओं सिद्धी जैन (सैकण्डरी), सीनियर सैकण्डरी में **नूतन डामोर** (विज्ञान वर्ग), **भावना मेनारिया** (कला वर्ग), **आयुषी तातेड** (वाणिज्य वर्ग) को प्रशस्ति – पत्र, नकद राशि (प्रत्येक को 1000 रू.) साहित्य आदि देकर प्रोत्साहित किया गया। सैकण्डरी की छात्रा को डिप्टी कमाण्डेंट **तरुण गुप्ता अवार्ड श्रीमती डॉ. शैल गुप्ता** द्वारा प्रदान किया गया। सीनियर सैकण्डरी तीनों वर्ग की छात्राओं को **नवीन भटनागर स्मृति पुरस्कार श्रीमती डॉ. सुमन भटनागर** द्वारा दिया गया। सैकण्डरी परीक्षा एवं विज्ञान वर्ग की छात्राओं को **श्रीमती लहरीबाई तोलाराम डागलिया**



**स्वर्ण पदक श्री गणेश डागलिया** द्वारा प्रदान किया गया।

समिति की परम्परा के अनुरूप स्थापना दिवस के अवसर पर सेवा और प्रतिभा के क्षेत्र में समर्पित व्यक्तियों को भी सम्मानित किया जाता है। इस क्रम में एक्यूप्रेशर चिकित्सक बी.एल. पोखरना एवं शोभागपुरा सरपंच, **कविता जोशी** को विशिष्ट जन सेवा सम्मान प्रदान किया गया तथा सूक्ष्म कला शिल्पकार **चंद्रप्रकाश चित्तौड़ा,** पक्षी विशेषज्ञ विनय दवे को विशिष्ट प्रतिभा सम्मान से नवाजा गया। विज्ञान समिति के विद्यार्थी उन्नयन प्रकोष्ठ द्वारा अग्रिम अध्ययन हेतु विशेष सहयोग प्राप्त 2 विद्यार्थियों–सुश्री गजाला शेख, उदयपुर तथा **सूरज जोशी,** चंदेसरा को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया। **श्रीमती हेमलता जोशी** को समिति की अनुशंसा पर भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सौजन्य से व्हील चेयर भेंट की गई।

समिति में विशिष्ट योगदान हेतु **डॉ.आई.एल. जैन** (चिकित्सा शिविर) **प्रो जे.एन.कविराज** (छात्रवृत्ति) **श्रीमती पुष्पा कोठारी** (महिला सशक्तीकरण), **रमेश भटनागर** (कार्यालय व्यवस्था), **लक्ष्मीलाल चंडाल्या** (वित्तीय प्रबंधन), **प्रकाश तातेड़**(संपादन) को सम्मानित किया गया। डॉ. के.एल. कोठारी ने वर्ष 2016–18 की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की। उसके अनुसार **डॉ. के.बी.शर्मा**– अध्यक्ष , **डॉ. के.पी तलेसरा** कार्यकारी अध्यक्ष एवं **रमेश भटनागर** महासचिव मनोनीत हुए। कार्यक्रम के अंत में महासचिव **डॉ. के.एल. तोतावत** ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संयोजन **डॉ. सुरेन्द्र छंगाणी** ने किया। कार्यक्रम में **श्री भूपेंद्रसिंह मेहता** को नये आजीवन संरक्षक सदस्य बनने पर सम्मानित किया गया।

## स्वतन्त्रता दिवस समारोह

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी **70वां स्वतंत्रता दिवस समारोह** समिति परिसर में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि **श्री शांतिलाल चपलोत** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष द्वारा झंडारोहण एवं उपस्थित जन समुदाय द्वारा राष्ट्रगान के पश्चात सभाकक्ष में संक्षिप्त कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि ने प्रेरणात्मक संदेश दिया। इस अवसर पर विज्ञान समिति के महिला समृद्धि कोष से गांव डांगियो की टूस निवासी **श्रीमती भगवती सुथार एवं श्रीमती दीपिका नागदा** को पांच–पांच हजार रु. का ऋण प्रदान किया गया। जलपान के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## महिला सशक्तीकरण

● **नवाचार महिला प्रकोष्ठ :** नवाचार महिला प्रकोष्ठ की सावन महीने की पिकनिक धाकड़ गार्डन (बेदला माता) पर 10 अगस्त को रखी गई। इसमें 70 महिलाएं उपस्थित थीं। उसमें कई मनोरंजनात्मक कार्यक्रम हुए। कुछ प्रतियोगिताओं के के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। अन्ताक्षरी कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। सभी सदस्याओं ने उत्साह से पिकनिक का आनन्द लिया। पिकनिक में संयोजिका श्रीमती बेला जैन, सह–संयोजिका **श्रीमती नलिना लोढ़ा, ग्रुप लीडर श्रीमती मंजुला शर्मा, श्रीमती रेखा मेहता, श्रीमती सविता कोठारी, श्रीमती मेघा दावड़ा, श्रीमती राखी जैन** आदि उपस्थित थी। धाकड़ गार्डन के ऑनर **श्रीमान् डी.पी. धाकड़ एवं श्रीमती अंजुला धाकड़** ने यह वाटिका पूर्ण सुविधा सहित निःशुल्क उपलब्ध करवाई। धन्यवाद। **श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने सबको धन्यवाद दिया।

● **वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ :** दिनांक 20 अगस्त 2016 को वरिष्ठ महिलाओं की पिकनिक धाकड़ गार्डन पर रखी गई इस दिन मौसम बहुत ही सुहावना था। इस पिकनिक में 85 वरिष्ठ महिलाओं ने भाग लिया। अधिकांश महिलाएं अपने

साधन द्वारा या टेक्सी द्वारा समय पर उपस्थित हो गई थी। उसमें कई प्रकार के मनोरंजनात्मक कार्यक्रम हुए। कुछ प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। सभी सदस्यों ने बहुत आनन्द लिया। पिकनिक में **श्रीमती शकुन्तला धाकड़, श्रीमती पुष्पा कोठारी, श्रीमती शिवा तलेसरा, श्रीमती आशा खमेसरा, श्रीमती स्नेहलता दक, श्रीमती चंदा बोर्दिया, श्रीमती सुमित्रा भंडारी, श्रीमती सुन्दरी छतवानी, श्रीमती पुष्पा धर्मावत, श्रीमती सुरजीत कौर, श्रीमती प्रभा भटनागर, श्रीमती ललिता अग्रवाल, श्रीमती पप्पी दोशी** आदि उपस्थित थी।

● **ग्रामीण महिला चेतना शिविर :** इस माह विज्ञान समिति का स्थापना दिवस 28 अगस्त को होने से 30 अगस्त वाली बैठक 28 अगस्त को आयोजित हुई जिसमें 32 महिलाओं ने भाग लिया। विज्ञान समिति के स्थापना दिवस महिलाएं भी उपस्थित हुई । सारे कार्यक्रम को देखने में उन्हें अच्छा लगा और प्रेरणा मिली। कार्यक्रम के दूसरे भाग में समूह चेतना शिविर की बैठक हुई जिसका संचालन **श्रीमती मंजुला शर्मा** ने किया। **प्रो. सुशीला अग्रवाल** ने घरेलू नुस्खे बताये ''बच्चा तुतलाता है तो आंवला कच्चा चबा कर मुंह में रखने से तुतलाने में सुधार होता है। पोलियो के बच्चे को लहसुन चबा कर खाने से लाभ होता है।''

वरिष्ठ पशु चिकित्सक **डॉ. सुरेन्द्र छंगानी** ने पशुओं में वर्षा दौरान तथा वर्षाकाल के पश्चात होने वाली बीमारियों के बारे में विस्तार से चर्चा की और बीमारों के टीका लगवाने की राय दी । सांप के काटने पर पशु को दो घण्टे में टीका लग जाने पर पशु की मौत नहीं होती है, और उसका दूध गर्म करके पीने से भी कोई हानि नहीं होती है।

घणोली की **श्रीमती शान्ता बाई** ने बताया कि विज्ञान समिति से सीखने के बाद घर के पिछवाड़े में वर्मी कम्पोस्ट बनाना प्रारम्भ किया और लगातार बना रहीं हैं क्योंकि उनके पास पांच पशु हैं। वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग फल और सब्जियों में किया जा रहा है जिससे पैदावार अच्छी हो रही है। **जस्टिस कांता भटनागर पुरुषार्थ अवार्ड 2016** प्राप्त करने वाली महिला के बारे में जानकारी दी और उनके योगदान के बारे में बताया गया। फतहनगर की **श्रीमती भारती वीरवानी एवं श्रीमती बेबी यादव** को चौथी बार पांच–पांच हजार रु. का ऋण प्रदान किया गया। खाना और यात्रा भत्ता दिया गया।

## स्वास्थ्य सेवाएं

● ***निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर :*** **विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास, उदयपुर** के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायं 5 से 6. 30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हुए। अगस्त माह में 8 शिविर हुए जिसमें100 दर्दियों की चिकित्सा की गई। **श्री बी. एल. पोखरना** एवं उनके सहयोगी चिकित्सकों का प्रशंसनीय योगदान रहा।

● ***श्री बिजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर :*** विज्ञान समिति में अड़तीसवां शिविर दिनांक 21 अगस्त 2016 तृतीय रविवार को आयोजित किया गया। इस चिकित्सा शिविर में **डॉ.आई.एल. जैन,** वरिष्ठ फिजिशियन एवं ह्रदयरोग विशेषज्ञ, **डॉ. एल.के. भटनागर**, वरिष्ठ फिजिशियन, **डॉ. अनुराग तलेसरा,** अस्थि रोग विशेषज्ञ, **श्री अंकित नागौरी**–ब्लड शुगर जांच, **श्री बी.एल. पोखरना, श्री एल.एन. शर्मा** एवं एक्यूप्रेशर टीम ने अपनी मानद चिकित्सा परामर्श सेवाएं यथावत प्रदान की। सभी के प्रति आभार। शिविर में कुल 68 नागरिकों का (40सामान्य, 16 ह्रदय, 12 अस्थि रोग, 25 मधुमेह, 12 अस्थि रोग) विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। इसी क्रम में 13 नागरिकों को एक्यूप्रेशर थेरेपी से चिकित्सा परामर्श दिया गया। 8 नेत्र रोगियों को परामर्श के लिए अलख नयन मंदिर भेजा गया। आगामी उनचालीसवां शिविर 18 सितम्बर 2016 रविवार प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित होगा।

## प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ

प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ के सदस्य 6 जुलाई को आयोजित संगोष्ठी में सम्मिलित हुए अतः इस माह का अलग कार्यक्रम आयोजित नहीं हुआ।

## दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ

दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ की मासिक बैठक 13 अगस्त को समिति परिसर में आयोजित हुई जिसमें कई सदस्यों ने भाग लिया। **डॉ. एस.एल. गोदावत** ने **जैन शास्त्रों में जीवन और वैज्ञानिक संदर्भ** विषय पर बहुत ही सारगर्भित वार्ता दी।

## केलवा प्रोजेक्ट

●श्रद्धा का 34 वां अंक (अगस्त 2016) प्रकाशित–वितरित हुआ। पुस्तक दान योजना के अंतर्गत **श्रीमान् डी.सी. कोठारी** के सौजन्य से 21 पुस्तकें प्राप्त हुई।

## अन्य बिन्दु

● **उदयपुर आर्थोपेडिक सोसायटी, जैन सोश्यल ग्रुप मेवाड़** के सहयोग से विज्ञान समिति प्रांगण में **मेगा आर्थोपेडिक एवं जोइन्ट रिप्लेसमेंट शिविर दिनांक 7 अगस्त** को प्रातः 9 बजे से 3 बजे तक आयोजित हुआ। जिसमें 400 से अधिक रोगी लाभान्वित हुए। रोगियों की विभिन्न प्रकार की जांचें की गई एवं निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की। शिविर का नगर निगम, उदयपुर के महापौर श्री चंद्रसिंह कोठारी ने अवलोकन किया। आयकर विभाग के उपायुक्त ने भी शिविर को देखा। दोनों महानुभावों ने शिविर की उपयोगिता पर प्रसन्नता व्यक्त की और कार्यकर्त्ताओं को पारितोषिक वितरित किए।

● महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय उदयपुर एवं विज्ञान समिति के बीच जो समझौता हुआ उस सम्बन्ध में प्रारम्भिक कार्यक्रम पर विचार करने के लिए विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशालय में 9 अगस्त को बैठक हुई जिसमें विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता एवं निदेशकगण तथा विज्ञान समिति के पदाधिकारी सम्मिलित हुए। विस्तृत चर्चा के बाद यह निर्णय हुआ कि प्रारम्भिक कार्य के रूप में किसी एक गांव का चयन किया जाए जो 20 से 30 किमी. तक हो, जहां सस्थाएं नहीं पहुंची हो। इस सम्बन्ध में विज्ञान समिति से एक प्रोफार्मा तैयार कर मेल किया गया। जिसे विश्वविद्यालय अधिकारियों ने उपयुक्त पाया। गांव चयन का कार्य प्रगति पर है।

## सदस्यों सबंधी

● हमारे सदस्य **श्री बी.एस. भंडारी एवं डॉ. सुरेन्द्र छंगाणी** को जिला स्तर पर स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में गृह मंत्री **श्री गुलाबचंद जी कटारिया** द्वारा सम्मानित किया गया। हार्दिक बधाई।

## विशेष कार्यक्रम

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन 2 अक्टूबर को विश्व अहिंसा दिवस के रूप में प्रतिवर्ष मनाने का निर्णय संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा 2007 में घोषित किया गया था, जो अत्यन्त सराहनीय है और हर भारतीय के लिए एक गर्व का विषय है।

नगर की सभी सरकारी, गैर सरकारी, स्वैच्छिक संस्थाओं, चिकित्सालयों, विभागों से निवेदन है कि इस दिन अपने यहां विशेष कार्यक्रम आयोजित कर अहिंसा के महत्त्व का प्रभावी प्रसार किया जाए, जो मानव हित में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण कार्य होगा।

विज्ञान समिति अपनी ओर से निम्नांकित कार्यक्रम आयोजित करेगी :-

1. सर्वसमाज संगोष्ठी : 2 अक्टूबर रविवार को प्रातः 10 बजे विज्ञान समिति परिसर में। सभी सदस्य मित्रों सहित सादर आमंत्रित हैं।
2. स्थानीय प्रशासन एवं संस्थाओं को इस कार्यक्रम को अपने यहां आयोजित करने के लिए अपील।

प्रेषक : विज्ञान समिति, 17 अशोक नगर, उदयपुर **बुक-पोस्ट**

सेवा में

## जन्मदिन की बधाइयाँ

**जन्म दिन मनाया**

4 अगस्त
श्री मुनीश गोयल



**September**

| | |
|---|---|
| Sh. SL Bhandari | 15/09 |
| Sh.R.K.Chatur | 16/09 |
| Sh.Rakesh Samar | 16/09 |
| Dr. Anurag Talesra | 22/09 |
| Sh. J.S.Pokharna | 24/09 |
| Dr. Yogesh Joshi | 30/09 |

**October**

| | |
|---|---|
| Sh.K.S. Nahar | 05/10 |
| Sh. R.C. Bhatnagar | 09/10 |
| Dr. Yogesh Atal | 09/10 |
| Sh.Sanjay Kothari | 10/10 |
| Dr. K.L. Menaria | 13/10 |
| Sh. K.L. Bohra | 18/10 |
| Smt. Rekha Paliwal | 19/10 |
| Sh. Ganesh Dagliya | 20/10 |
| Sh.L.L. Chandalya | 20/10 |
| Sh. B.S. Bhandari | 27/10 |
| Sh. M.S.Surna | 30/10 |

**सुविचार**

● [illegible]निया का सबसे खूबसूरत पौधा प्रेम और स्नेह का होता है, [illegible]मीन पर नहीं, दिलों में उगता है। राहत भी अपनों से [illegible]ती है और चाहत भी अपनों से मिलती है। अपनों से [illegible] रूठना नहीं, क्योंकि मुस्कुराहट भी सिर्फ अपनों से [illegible]ती है।

● स्वा[illegible]और विवाद दोनों को छोड़ देना चाहिए। स्वाद छोड़ो [illegible] शरीर को फायदा, विवाद छोड़ो तो सम्बन्धों को [illegible]यदा।



**समिति परिसर में जन्मदिन मनाने के लिए आप सादर आमन्त्रित हैं।**



## विज्ञान समिति के सितम्बर माह के कार्यक्रम

**•मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन

**• नियमित स्वास्थ्य सेवाएं**

❐ एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में

❐ श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरः समिति परिसर में तीसरे रविवार 18 सितम्बर 2016 प्रातः 10 से 12 बजे तक

| नियमित मासिक गतिविधियां | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| ✷ नवाचार महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | 10 सितम्बर 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ मासिक बैठक | 17 सितम्बर 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | 20 सितम्बर 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ मासिक बैठक | 24 सितम्बर 2016 | सायं 05.00 बजे से |
| ✷ ग्रामीण महिला चेतना शिविर | 29 सितम्बर 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| **विशेष कार्यक्रम** | | |
| ✷ विज्ञान समिति नई कार्यकारिणी परिषद पद स्थापना एवं प्रथम बैठक | 16 सितम्बर 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ कृषि विश्वविद्यालय के साथ एम.ओ.यू. संबंधी बैठक, विश्वविद्यालय में | 21 सितम्बर 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| ✷ महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण गांव नउआ | 23 सितम्बर 2016 | |

## अपील

- कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रत्येक सदस्य को एक हजार रु. प्रतिवर्ष समिति की गतिविधियों के लिए देना है। इस निर्णय का चौथा वर्ष प्रारंभ हो गया है। कृपया सहयोग प्रदान करावें।
- निर्माण, स्थायी कोष ( कोरपस फंड ), महिला समृद्धि कोष, छात्रवृत्ति कोष एवं अभावग्रस्तों को सहयोग फंड के लिए भी आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

**सौजन्य :- श्रीमान् मदनसिंह जी-श्रीमती लीला जी सुराना, 8-सी, मधुबन, उदयपुर**

Quick Print Service # 94147 36608